Regarding people affected by GAIL in Etawah

श्री जितेंद्र कुमार दोहरे**:** माननीय सभापति महोदय, हमारे इटावा लोक सभा क्षेत्र में गेल- गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया स्थापित है, जहां पर भू-विस्थापित लोगों को रोजगार नहीं दिया गया । जब गेल अथॉरिटी ऑफ इंडिया स्थापित हुई थी तो उस टाइम किसानों से यह वायदा किया गया था कि हम हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार देंगे । लेकिन वहां के अधिकारियों ने बाहर से नए-नए ठेकेदारों को बुलाकर अपने चहेतों को रोजगार देने का काम किया । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वहां के लोगों को रोजगार दिया जाए । इतना ही नहीं, वहां के अधिकारी लोग अपने तरीके से, रिश्वत लेकर एक गांव में 5 करोड़ रुपये से ऊपर सीएसआर के द्वारा पैसा लगाया गया, जिसकी जांच हम करवाना चाहते हैं । मैं आपसे यही मांग करता हूं कि वहां के सभी भू-विस्थापित लोगों को रोजगार देने का कष्ट करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।